खाटूवाला ही बहुत है | by Passi Kesri

दिल के गुलशन को मेरे गुलज़ार करने के लिए
खाटूवाला ही बहुत है प्यार करने के लिए

प्यार झूठा है जगत में श्याम का सच्चा है प्यार
श्याम से जो प्यार करेगा कैसे होती उसकी हार
श्याम ही काफी है मेरे दुखड़े हरने के लिए
खाटूवाला ही बहुत है प्यार करने के लिए

जबसे खाटूवाले से है प्यार दिल से हो गया
हर तरफ दिखता है बाबा दिल दीवाना हो गया
खाटू नगरी ही मांगूंगा जीने मरने के लिए
खाटूवाला ही बहुत है प्यार करने के लिए

प्यार से तू शीश झुका के मांग ले जो चाहिए
खाली ना तू जायेगा विश्वास होना चाहिए
पास्सी केसरी तड़प रहा है नाम करने के लिए
खाटूवाला ही बहुत है प्यार करने के लिए

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%b9%e0%a5%81%e0%a4%a4-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-passi-kesri/